बुधवार
नालन्दा, 12.02.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:18
www.apnanalanda.com

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी 'आशा पार्टी',

## 16 फरवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आप सब की आवाज आशा पार्टी ने अपनी रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को बिहारशरीफ के कांटा पर मोहल्ले में स्थित एक निजी सभागार में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रियदर्शी अशोक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 फरवरी को सोगरा कॉलेज मैदान में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना और आगामी चुनाव के लिए रणनीति तैयार करना है। बैठक में बताया गया कि इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह भी शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी प्रतिबद्धता से जुटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा और इससे पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को और मजबूती मिलेगी। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही, जिनमें उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव गौतम कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, प्रदेश सचिव विनय कुमार, जिला अध्यक्ष (नारी शक्ति प्रकोष्ठ) प्रगति आनंद, जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश कुमार, महासचिव सनी कुमार, रवीना खातून, अंजू कुमारी और उपाध्यक्ष सुलेखा कुमारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने की अपील की।

# एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर मंथन




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिला अतिथि गृह में एनडीए प्रदेश कार्यक्रम संयोजक चंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में एनडीए घटक दलों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 16 फरवरी को नालंदा में होने वाले एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान चंदन कुमार सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए एनडीए के हर कार्यकर्ता को जी–जान से मेहनत करनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और संगठन की शक्ति को प्रदर्शित करने का आग्रह किया। बैठक में विधायक हरिनारायण सिंह, डॉ. सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, कौशल किशोर, राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) के राज्य संयोजक राकेश रंजन समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमंडलीय प्रभारी जितेंद्र पटेल ने कहा कि सम्मेलन की सफलता की जिम्मेदारी सभी एनडीए कार्यकर्ताओं की है, और इसे मजबूती के साथ सफल बनाना आवश्यक है। बैठक में प्रदेश सचिव राजीव रंजन पटेल, जिला जदयू अध्यक्ष मो. अरशद, भाजपा अध्यक्ष ई. रविशंकर, लोजपा (रा) के अध्यक्ष सतेंद्र मुकुट, हम जिलाध्यक्ष संजू मालाकार, रालोसपा के सचिन कुशवाहा, जदयू नगर अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, विनय कुमार, अनिल कुमार, अनुप सिंह पटेल, रंजीत कुमार, बनारस प्रसाद सिन्हा, निशांत कुमार, संजय पासवान, अरविंद कुमार, भवानी सिंह, आशुतोष कुमार, रामेश्वर प्रसाद सहित दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिलसा-फतुहा मार्ग पर भीषण सड़क दुर्घटना, दो को पीएमसीएच रेफर




अपना नालंदा संवाददाता

करायपरसुराय। हिलसा–फतुहा सड़क मार्ग पर स्थानीय थाना क्षेत्र के चंदकूरा छिलका के पास मंगलवार को दोपहर एक बजे भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक युवक को मामूली चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, करायपरसुराय के कमरथू गांव निवासी रोहित कुमार, अपनी मां मैना देवी के साथ बाइक से हिलसा जा रहे थे। इसी दौरान, हिलसा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मैना देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि रोहित कुमार को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद, फतुहा से हिलसा की ओर जा रही एक टेंपो के चालक ने बाइक को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाया, जिससे टेंपो पलट गई। टेंपो में सवार करायपरसुराय के अगारपर गांव निवासी रणजीत राम गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) ले जाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल मैना देवी और रणजीत राम को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया, जबकि रोहित कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। करायपरसुराय थाना पुलिस ने घटनास्थल से एक बाइक बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बजट 2025-26: नालंदा के विकास के लिए सांसद कौशलेंद्र ने रखीं विशेष मांगें

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2025–26 के लिए 50.65 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय का बजट प्रस्तुत किया है, जिसमें 34.96 लाख करोड़ रुपये की आमदनी का अनुमान है। शेष राशि उधारी से पूरी की जाएगी। इस बजट को देश के समग्र विकास को बढ़ावा देने वाला बताया गया है। नालंदा के सांसद ने संसद में बजट का समर्थन करते हुए नालंदा जिले के लिए विशेष मांगें रखीं। उन्होंने राजगीर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की स्वीकृति का आग्रह किया, जिससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों को हवाई सुविधा मिल सके और पर्यटन को बढ़ावा मिले। पटना आईआईटी के विस्तार एवं छात्रावास निर्माण को उन्होंने स्वागत योग्य कदम बताया। उन्होंने बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना का समर्थन किया और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख रुपये तक बढ़ाने के प्रस्ताव को सराहनीय बताया। बिहार में एक नया




उर्वरक कारखाना स्थापित करने की मांग भी उठाई, ताकि कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिले। रेलवे के संदर्भ में, उन्होंने नालंदा जिले के प्रमुख स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार की मांग की, जिनमें रामपुर हाल्ट पर टिकट काउंटर, रहुई रोड हाल्ट पर इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव, बिहारशरीफ और राजगीर में कोच–डिस्प्ले बोर्ड की स्थापना तथा हरनौत रेलवे स्टेशन पर यात्री विश्राम गृह का निर्माण शामिल है। उन्होंने हरनौत रेल कोच कारखाने में नए निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की और नालंदा–फतुहा रेलखंड को पटना जंक्शन तक विस्तारित करने का आग्रह किया। इसके अलावा, बिहार में रेलवे बजट में वृद्धि तथा बुजुर्गों के लिए रेल रियायत बहाल करने की अपील की। सांसद ने बुद्ध स्थलों के विकास हेतु केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की और इसे बिहार के पर्यटन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# महात्मा फुले जयंती समारोह की तैयारी को लेकर इस्लामपुर में बैठक

अपना नालंदा संवाददाता का

इस्लामपुर। अति पिछड़ा अनुसूचित जाति–जनजाति विकास मंच की बैठक इस्लामपुर के संगम उत्सव हॉल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार चंद्रवंशी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल 2025 को एकंगरसराय के डाक बंगला लाल सिंह त्यागी भवन में भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसके लिए तैयारियों की शुरुआत कर दी गई है। इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए आगामी 16 फरवरी (रविवार) को पुनः एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। इसी बैठक में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह की तिथि को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा। संयोजक धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि इस



वर्ष मंच द्वारा महात्मा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर, दोनों महापुरुषों की जयंती बड़े स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कार्यकर्ता गांव–गांव जाकर लोगों को आमंत्रित करेंगे और कार्यक्रम की जानकारी देंगे। बैठक में मंटू कुमार चंद्रवंशी, डॉ. मनोज चौधरी, धर्मेंद्र पासवान, कुणाल पासवान, सनी मालाकार, रमाकांत चौहान, नागेंद्र रजक, नीरज कुमार चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नोहसा पंचायत में 24 घंटे का अखंड कीर्तन, भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ समापन

अपना नालंदा संवाददाता

बेन। नोहसा पंचायत के भगवानपुर गांव में राम नाम के अखंड कीर्तन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। पूरे ग्रामवासी 24 घंटे तक फलाहार रहकर भक्ति में लीन रहे और श्रीराम के गुणगान में पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। अखंड कीर्तन के दौरान गांव के हर गली–मोहल्ले में भक्ति रस की धारा प्रवाहित होती रही। आसपास के गांवों से भी भक्तगण इस आयोजन में शामिल होने पहुंचे और भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवानपुर ग्राम के श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली, जिसमें राम भक्तों ने बड़े श्रद्धा भाव से भजन–कीर्तन किया। यह शोभायात्रा गांव के हर घर के दरवाजे तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद ग्रहण किया। कीर्तन के समापन पर ग्रामवासियों की ओर से विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भक्तों ने सात्विक भोजन ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव में श्रद्धा, प्रेम और भक्ति का माहौल बना रहा, जिससे सभी ग्रामवासी आध्यात्मिक आनंद से भर गए। इस पावन अवसर पर गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर संकल्प लिया कि भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामवासियों का कहना था



कि ऐसे आयोजन न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में समरसता और एकता का संदेश भी देते हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में गांव के प्रमुख श्रद्धालु, महिलाएं, युवा और बच्चे सभी बढ़–चढ़कर शामिल हुए। भक्ति और श्रद्धा से ओत–प्रोत इस आयोजन ने भगवानपुर गांव को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

# नालंदा में विषाणु मुक्त आलू बीज उत्पादन पर किसानों को प्रशिक्षण

## यमुनापुर में उन्नत आलू बीज उत्पादन तकनीक पर कार्यशाला आयोजित



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय(अपना नालंदा)। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत मंगलवार को यमुनापुर गांव में विषाणु मुक्त आलू बीज उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम प्रगतिशील किसान धर्मेंद्र कुमार और जतन कुमार के प्रक्षेत्र में आयोजित हुआ, जो नालंदा उद्यान महाविद्यालय के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में उन्नत किस्मों के आलू बीज का उत्पादन कर रहे हैं। कार्यक्रम में यमुनापुर, कैंडी, मेयार, डोईया, पथरौरा, नारी सहित आसपास के गांवों के आलू उत्पादक किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कुफरी पुखराज, कुफरी लीमा, कुफरी चिप्सोना वन, कुफरी नीलकंठ, कुफरी उदय, कुफरी थार और बड़ी आलू जैसी विभिन्न उन्नत किस्मों का निरीक्षण किया गया। किसान धर्मेंद्र कुमार और जतन कुमार ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष लगभग 450 क्विंटल आलू बीज का उत्पादन किया था। प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार सिंह ने कुफरी नीलकंठ प्रजाति के आलू के बारे में बताया कि इसका रंग बैंगनी होता है, जो एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है और शरीर की सूजन कम करने में सहायक होता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी लाभकारी माना जाता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. सोलंकी ने बताया कि बिहार में आलू उत्पादन के क्षेत्र में नालंदा अग्रणी जिला है, लेकिन राज्य अब भी उन्नत किस्मों के रोग मुक्त बीजों की कमी के कारण उत्पादन में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि नालंदा उद्यान महाविद्यालय किसानों को विषाणु मुक्त बीज उत्पादन में सहायता कर रहा है और समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा वित्तपोषित एरोपोनिक यूनिट की स्थापना नालंदा उद्यान महाविद्यालय परिसर में की गई है। इसका उद्देश्य मिनी ट्यूबर बीज उत्पादन कर किसानों तक पहुंचाना और राज्य में आलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। कार्यशाला के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने आलू की फसलों में लगने वाले विभिन्न रोगों और उनके निदान के उपायों की जानकारी भी किसानों को दी। इस अवसर पर डॉ. पापिया विश्वास, डॉ. एपी सिंह, डॉ. सीएस आजाद, डॉ. सरदार सुनील सिंह, डॉ. आरके शर्मा, डॉ. अनुपम आदर्श, डॉ. नेहा रानी, डॉ. प्रवीण फातिमा, डॉ. अजीत कुमार और डॉ. आरबी रमण सहित कई कृषि वैज्ञानिक और किसान उपस्थित रहे।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए नालंदा में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' पर कार्यशाला आयोजित



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। मंगलवार को नालंदा जिले की एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) इकाई द्वारा Ꞌसुरक्षित इंटरनेट दिवसꞋ के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को लेकर जागरूकता फैलाना था। इस दौरान साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी, मानसिक स्वास्थ्य पर इंटरनेट के प्रभाव और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अजीत कुमार ने व्यावहारिक सुझाव देते हुए प्रतिभागियों को ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित और सकारात्मक डिजिटल वातावरण निर्माण की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि इंटरनेट का उपयोग अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर डीआईओ, एडीआईओ, नेटवर्क इंजीनियर, डीआरएम, समस्त आईटी सहायक, बी–स्वान इंजीनियर, कार्यपालक सहायक एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय करोड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत थेः-अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा

अपना नालंदा संवाददाता

हिलसा। मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण के रूप में हिलसा नगर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता हिलसा नगर मंडल के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार मंडल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष नालन्दा अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय करोड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत थे। वो सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी सोच थी कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचे इसलिए उन्होंने अंत्योदय



योजना का शुरूआत करना उनकी सोच था। इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर सिया शरण आर्य,विकास कुमार चंद्रवंशी,नंदलाल साव,अरुण कुमार साहू,मुकेश कुमार ने भी प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में अमित बाबा,सुरेश प्रसाद,उदित नारायण,विजय पांडे,विकास कुमार,बिट्टू कुमार,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थरथरी में पीडीएस दुकानदारों ने की शिकायत, एसएफसी गोदाम पर अनाज कम तौलने का आरोप

अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी।जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के दुकानदारों ने हिलसा एसडीओ से मुलाकात कर एसएफसी गोदाम द्वारा निर्धारित मात्रा से कम अनाज दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। दुकानदारों का आरोप है कि चंडी एसएफसी गोदाम से उठाव के दौरान प्रति बोरी 51 किलो की जगह केवल 49 किलो अनाज ही दिया जा रहा है। जनवितरण दुकानदार मधेश्वर पासवान, मनोज कुमार, श्रवण कुमार, सिदेश्वर प्रसाद, रामधीन रविदास, नगेंद्र कुमार, किशोरी मांझी, सरिता कुमारी, चंद्रदीप पासवान, इंद्रजीत कुमार और राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि गोदाम से मिलने वाले अनाज में दो किलो तक की कमी रहती है। इसके अलावा, प्रति बोरी लगभग 650 ग्राम का तौल रहित बोरा भी शामिल होता है, जिससे दुकानदारों को अनाज वितरण में परेशानी होती है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जब इस अनियमितता की शिकायत एसएफसी गोदाम मैनेजर से की जाती है तो वे इसे नजरअंदाज कर देते हैं और साफ शब्दों में कहते हैं कि Ꞌइतना ही अनाज मिलेगा, जहाँ जाना हो जाओ।Ꞌ इससे दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है। समस्या के समाधान के लिए सभी जनवितरण दुकानदारों ने एकजुट होकर हिलसा एसडीओ को आवेदन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। दुकानदारों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# कुर्मी समाज का संकल्पः सामाजिक एकता और आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ ।राजगीर में दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारत और नेपाल के विभिन्न राज्यों से आए प्रबुद्ध चिंतकों और विचारकों ने समाज के सर्वांगीण विकास पर मंथन किया। इस शिविर में समाज को आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। समागम में कुर्मी समाज की एकजुटता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्थान के लिए 28 प्रस्ताव पारित किए गए। सामाजिक एकता और सम्मान दृ कुर्मी समाज के लोग आपसी सम्मान, सहयोग और भाईचारे को बनाए रखते हुए एक-दूसरे के प्रति सकारात्मक व्यवहार करेंगे। अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन – समाज के भीतर विभिन्न उपजातियों के बीच विवाह को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि एकता और समरसता बनी रहे।अंधविश्वास से मुक्ति दृ समाज के लोग किसी भी प्रकार के धार्मिक अंधविश्वास या भेदभाव को समाप्त कर तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाएंगे। आर्थिक सशक्तिकरण – अपने व्यवसाय और कृषि उत्पादों को प्राथमिकता देने तथा व्यापारिक गतिविधियों में समाज के लोगों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। फिजूलखर्ची पर रोक – जन्म, विवाह और मृत्यु जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च को नियंत्रित कर समाज की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित की जाएगी। संपत्ति का संरक्षण दृ अपनी कृषि और व्यावसायिक संपत्ति को प्राथमिकता के आधार पर समाज के भीतर ही बेचा जाएगा। व्यवसायिक सहयोग – कुर्मी समाज के व्यापारियों और सेवाप्रदाता व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि आर्थिक विकास हो सके। सामाजिक कार्यों में सहयोग – समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाएगा और सामाजिक कार्यक्रमों में यथासंभव आर्थिक योगदान दिया जाएगा। एकीकृत संगठन का निर्माण – समाज के सभी छोटे-छोटे संगठनों को एक केंद्रीय संगठन के तहत लाया जाएगा ताकि संगठित रूप से कार्य हो सके। शिक्षा और कौशल विकास दृ समाज के बच्चों को वैज्ञानिक सोच और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्राथमिक शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए जाएंगे। स्त्री एवं बाल सहभागिता – समाज के सभी सामाजिक कार्यक्रमों में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग दृ समाज के लोगों के लिए एक वैश्विक नेटवर्क बनाया जाएगा, जिससे रोजगार, शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं में सहयोग मिले। पुस्तकालयों की स्थापना – समाज के ऐतिहासिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक ज्ञान को संकलित करने के लिए पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी। सामाजिक एकता को बढ़ावा दृ किसी अन्य समाज के समक्ष अपने समाज या किसी व्यक्ति की निंदा नहीं की जाएगी। प्रशंसा और आत्मसम्मान – समाज के अच्छे कार्यों और उपलब्धियों को अन्य समाजों में उचित रूप से प्रचारित किया जाएगा। न्यायिक चरित्र और विश्वास दृ कुर्मी समाज के लोग अपने पूर्वजों की न्यायप्रियता और ईमानदारी की विरासत को बनाए रखेंगे। औद्योगिक और व्यावसायिक विकास दृ कुर्मी समाज के लोगों के लिए एक व्यावसायिक और औद्योगिक नेटवर्क बनाया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। कृषि क्षेत्र में नवाचार दृ पारंपरिक कृषि को छोड़कर आधुनिक और व्यावसायिक कृषि को अपनाने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य और सेवा नेटवर्क दृ चिकित्सा, परिवहन और अन्य सेवाओं में समाज के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। राजनीतिक भागीदारी दृ समाज के लोग राजनीति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और नेतृत्व को मजबूत करेंगे। इस समागम में पारित प्रस्तावों को पंचायत, प्रखंड, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने के लिए कुर्मी समाज पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आयोजकों ने कहा कि समाज के सभी लोग इन प्रस्तावों का पालन कर समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास में योगदान देंगे।

# पुलिस ने शराब पीकर हंगामा कर रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल




अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी ।स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रतापुर गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतापुर गांव में एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। सूचना मिलते ही गश्त पर तैनात दरोगा महेश राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उक्त व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। चिकित्सा जांच में शराब पीने की पुष्टि गिरफ्तार व्यक्ति को शराब सेवन की पुष्टि के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी शराब पीने की पुष्टि की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान प्रतापुर गांव निवासी दशरथ चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया।

# देसी कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार, चार अन्य की तलाश जारी



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ ।छबिलापुर थाना क्षेत्र के धन्नुबिगहा गांव निवासी मंटू कुमार को सोशल मीडिया पर देसी कट्टा लहराने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस संबंध में डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी (सोमवार) को पांच युवकों द्वारा एक देसी कट्टा लहराने का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने वीडियो की सत्यता की जांच की, जिसमें यह सही पाया गया। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धन्नुबिगहा गांव में छापेमारी की, जहां अवधेश यादव के पुत्र मंटू कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कमरे में पलंग के नीचे तोसक में छिपाकर रखा एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया। पूछताछ में मंटू कुमार ने वीडियो में शामिल अन्य युवकों के नाम बताए। इनमें रटना खरजमा के अशोक यादव के पुत्र राजेश कुमार, धन्नुबिगहा के उपेंद्र रविदास के पुत्र श्याम बिहारी और कृष्णा रविदास के पुत्र सुबोध कुमार शामिल हैं। इसके अलावा, सिकंदर यादव का पुत्र सुबोध कुमार, निवासी लच्छूबिगहा (थाना महकार, जिला गया) भी इस वीडियो में शामिल था। डीएसपी ने बताया कि ये सभी आरोपी देसी पिस्तौल लहराकर लोगों में भय फैलाने का काम करते थे। गिरफ्तार युवक मंटू कुमार ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वे इंस्टाग्राम पर लाइव आकर इस तरह के वीडियो बनाते थे। इस मामले में पांचों आरोपियों के विरुद्ध छबिलापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी अभियान में छबिलापुर थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद, पुलिस अवर निरीक्षक रमाशंकर दास सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# खलिहान में आग से किसान की सालभर की मेहनत राख, मुआवजे की मांग



अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी । थरथरी थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में सोमवार की रात खलिहान में अचानक आग लगने से किसान मधु कुमार की तीन बीघा धान की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान मधु कुमार ने बताया कि दौनी के बाद धान की फसल को खलिहान में पुआल से ढककर रखा गया था। रात में अचानक आग लग गई, जिससे पूरी फसल नष्ट हो गई। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने फसल में आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। किसान ने बताया कि उन्होंने तीन बीघा जमीन पट्टे पर लेकर खेती की थी, लेकिन इस आगलगी ने उनकी सालभर की मेहनत को राख में बदल दिया। घटना की सूचना मिलते ही किसान ने थरथरी अंचलाधिकारी को जानकारी देकर मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जांच कर उचित सहायता देने की अपील की है।

20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में
बच्चों की मुस्कान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 22913872021127192204
राष्ट्र की शान
9334304341
7563996997
8873996997
BIHAR CENTRAL SCHOOL
Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)
इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं-
• कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
• अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
• सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
• सभी मार्गों के लिए वाहन की सुविधा ।
• साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
• पढ़ाई के साथ-साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
• सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
• समय-समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।
Bumper Discount
₹ 5000/- + Educational Kit Free
Play Group to 10th
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD
OFFER
Up to 1st March 2025
विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरूप नामांकन में भी छूट)

# राजगीर में दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर संपन्न

## सामाजिक एकता, आर्थिक सशक्तिकरण और शिक्षा पर विशेष जोर

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। ज्ञान, अध्यात्म और आस्था की पावन भूमि राजगीर में आयोजित दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर उपजातियों को संगठित करने, समान शैक्षणिक, व्यावसायिक और पारिवारिक मूल्यों को अपनाने तथा वैवाहिक संबंधों को मजबूत करने जैसे 28 प्रस्ताव पारित किए गए। कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कुर्मी क्षेत्रीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस विजय सिंह निरंजन ने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में कुर्मी समाज को सरकारी नौकरियों से वंचित कर दिया गया था, जिसके विरोध में महासभा का गठन हुआ। उन्होंने बताया कि उस समय कुर्मी समाज की आबादी मात्र 32 लाख थी, जो अब बढ़कर 34 करोड़ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि असम से गुजरात और तमिलनाडु से हरियाणा तक कुर्मी समाज की व्यापक उपस्थिति है। वर्तमान में कुर्मी समाज तेजी से एकजुट हो रहा है, जिससे उसकी सामाजिक और राजनीतिक शक्ति राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुई है। उन्होंने समाज को संगठित करने पर जोर देते हुए कहा कि हमें किसी अन्य जाति के विरोध के बजाय अपनी एकता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विजय सिंह निरंजन ने कहा कि समाज को दहेज प्रथा और मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को समाप्त कर अपने आर्थिक संसाधनों का सही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय विवाह को बढ़ावा देने और कुर्मी समाज के लिए छात्रावासों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली के द्वारिकापुरी में कुर्मी समाज के छात्रों के लिए निःशुल्क आवास और कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है और इसी तरह अन्य राज्यों की राजधानियों में भी पटेल छात्रावासों की स्थापना की जानी चाहिए। विधायक कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि पहले कुर्मी समाज की पहचान विद्यालय और पुस्तकालयों से होती थी, लेकिन अब यह प्रवृत्ति कम हो गई है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने जनप्रतिनिधियों से शिक्षा और पुस्तकालयों की स्थापना की मांग करने का आग्रह किया। जिला पार्षद रीना राय ने सामाजिक बैठकों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता बताई, जबकि पूनम सिन्हा ने समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। गाजियाबाद निवासी पूर्व महाप्रबंधक रविंद्र कुमार ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए आर्थिक सशक्तिकरण आवश्यक है। उन्होंने व्यवसाय को अपनाने और नौकरी से अधिक उद्यमशीलता पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने महासभा में व्यावसायिक और आईटी सेल गठित करने का सुझाव दिया और समाज को अन्नदाता से धनदाता बनने की जरूरत बताई। भभुआ के रामजी सिंह ने कहा कि अब कृषि घाटे का व्यवसाय बन चुका है। इसलिए कुर्मी समाज को कृषि के साथ-साथ व्यवसाय को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने बिहार में कुर्मी संगठनों को एक मंच पर लाने का आह्वान किया। नेपाल से आए योगेंद्र प्रसाद राउत ने कुर्मी समाज के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। उन्होंने 2026 में नेपाल में कुर्मी समागम आयोजित करने की घोषणा की और समाज के लोगों से उसमें शामिल होने की अपील की। शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. नागेंद्र सिंह, राजीव कुमार पटेल, श्रवण कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर की अध्यक्षता डॉ. जगदीश प्रसाद ने की। इस अवसर पर मनुभाई पटेल, अनिल कुमार, पूनम सिन्हा, आर. एन. राय, सीएल गंगवार, हरेंद्र प्रसाद, राहुल कुमार, चंद्रमणि कुमार मणि, विशेश्वर प्रसाद, गणित बाबा अरविंद कुमार सिंह, डॉ. गोपाल शरण सिंह, इंजीनियर अनिल कुमार, संजीव कुमार, सुधीर कुमार, अवधेन्द्र कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। राजगीर में आयोजित यह कुर्मी समागम सामाजिक एकता, आर्थिक सशक्तिकरण, शिक्षा और संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान कुर्मी समाज को संगठित करने, दहेज और मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने, व्यवसाय अपनाने, शिक्षा पर ध्यान देने और राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।




नेपाल में 2026 में कुर्मी समागम का होगा आयोजन

# अमनावाँ गाँव में निकाली गई अपार आई.डी.जागरूकता रैली




अपना नालंदा संवाददाता

हिलसा । हिलसा अनुमंडल के इस्लामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय अमनावाँ इस्लामपुर के पोषक क्षेत्र अमनावाँ,चकदौलत एवं मुशहरी में सोमवार और मंगलवार को अपार आई.डी. जागरुकता रैली मध्य विद्यालय अमनावाँ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक इसलामपुर के बच्चों,शिक्षकों व ग्रामीणों के द्वारा निकाली गयी। शिक्षा विभाग बिहार सरकार के द्वारा सभी बच्चों को,जो प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण ग्रहण करने वालो का अपार आई.डी.बनाना है। शिक्षा विभाग बिहार सरकार के द्वारा दो दिन यानि 10-11 फरवरी 2025 तक जागरूकता रैली व अपार दिवस मनाना था। मध्य विद्यालय अमनावाँ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक इसलामपुर के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार आधार कार्ड जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है,उसी प्रकार अपार कार्ड विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। इस अपार कार्ड में छात्रछात्राओं का प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षण तक ब्योरा रहेगा। छात्र/छात्रा को शिक्षण के दरम्यान कौन-कौन सी उपलब्धि हासिल किया है,उसका उसमें वर्णन रहेगा। वन नेशन,वन अपार आई.डी। वहीं मध्य विद्यालय अमनावाँ इसलामपुर के शिक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि अपार आई.डी. से बच्चों को हर तरह की सरकारी सुविधा प्राप्त होगी। विद्यालय की शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी ने बतायी कि अपार आई.डी. के बनने से शिक्षा में आयी भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक के विज्ञान शिक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि अपार आई.डी. देश की एक आई.डी. होगी,जिसमें शुरुआती दौर से लेकर अंतिम दौर की पढ़ाई तक ब्योरा रहेगी,जिससे सरकार को शिक्षा के प्रति योजना बनाने में सहूलियत होगी। इस रैली में मीरा कुमारी,रश्मि रति,किरण कुमारी,लक्ष्मी कुमारी शमीमा खातून,लता कुमारी,श्याम बिहारी,सुधांशु कुमार,शक्ति नन्दन उर्फ प्रिंस जी ,आशीष कुमार एवं राम उदय यादव समेत सैकड़ों बच्चे शामिल थे।

# लच्छुविगहा-लोहंडा सड़क का जल्द होगा जीर्णोद्धार, एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ



अपना नालंदा संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा प्रखंड के लच्छुविगहा से लोहंडा जाने वाली सड़क का जल्द ही जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसकी निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस सड़क के निर्माण से चौरासी, एकैड़, शैदनपुर, भोभी, बाराविगहा, लोहंडा, विष्णुपुर, खिरूविगहा सहित आसपास के दर्जनों गांवों को लाभ मिलेगा। यह जानकारी पूर्व शिक्षा मंत्री एवं हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने चंडी प्रखंड के माधोपुर स्थित सभागार में आयोजित बूथ स्तरीय बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर बूथ स्तरीय बैठकों का आयोजन कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा। सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान बैठक में जदयू के जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्यों का अनुकरण दूसरे प्रदेश भी कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी चुनाव से पहले वे घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक की अध्यक्षता माधोपुर पंचायत जदयू अध्यक्ष विष्णु प्रसाद उर्फ डबलू ने की। इस अवसर पर चंडी प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र, हरनौत विधानसभा प्रभारी गणेश कानू सहित पंचायत के सभी बूथों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजगृह में कुर्मी समागम सह चेतना शिविर: पूनम सिन्हा ने समाज की स्थिति पर जताई चिंता




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।राजगृह में आयोजित दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर में जन सुराज पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष एवं बेन से जिला परिषद सदस्य पूनम सिन्हा ने समाज के उत्थान और सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज एक कर्मठ और योद्धा समाज रहा है, लेकिन वर्तमान समय में इसमें कुछ शून्यता देखने को मिल रही है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। समाज को अपनी शक्ति पहचानकर संगठित होने की आवश्यकता है। अपने संबोधन में पूनम सिन्हा ने नालंदा जिले के शिक्षाविद और पूर्व विधायक स्वर्गीय श्याम सुंदर प्रसाद सिंह के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. श्याम सुंदर प्रसाद सिंह को नालंदा जिले के पहले ऐसे जनप्रतिनिधि होने का गौरव प्राप्त है, जिन्होंने राजगीर, इस्लामपुर और नालंदा विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। वे 1957 में राजगीर से जनता पार्टी के विधायक चुने गए थे। इसके बाद 1962 में स्वतंत्र पार्टी और 1967 में कांग्रेस से इस्लामपुर के विधायक बने। उन्होंने मांग की कि जिले के शिक्षाविदों, पूर्व मंत्रियों और समाज सुधारकों के योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए उनके नाम पर स्मारक बनाए जाएं और उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए। पूनम सिन्हा ने धानुक जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इस समुदाय को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार को उचित निर्णय लेना चाहिए। अपने संबोधन में पूनम सिन्हा ने समाज के लोगों से संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने और विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाई

**पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की 97वीं पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया।**



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ ।भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला इकाई ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की 97वीं पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके विचारों और योगदान पर चर्चा करते हुए देश और समाज सेवा का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को साकार कर रही है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। कार्यक्रम में जिला लोकसभा संयोजक सुधीर कुमार, जिला महामंत्री रीना कुमारी, जिला उपाध्यक्ष श्याम किशोर प्रसाद सिंह, डॉ. अशुतोष कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में नगर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में भरावपर श्री दुर्गा स्थान संगत पर भी समर्पण दिवस मनाया गया।


















## अपनी कविता शायरी रचनाएं एवं विज्ञापन के लिए हमारे व्हाट्सएप्प नंबर पर भेजें :-

apnanalandaofficial881@gmail.com

70705 72018